क्रिकेट

स्व. आरएस त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# डीसीसी, एलपीआर बॉयज और एमएमके हम्मद विजयी



**नवभारत, जबलपुर।** सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक खमरिया के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय आर. एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में डीसीसी, एलपीआर बॉयज और एमएमके हम्मद की टीमों ने जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में डीसीसी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। जीएमसी ने निर्धारित 10 ओवरों में 54 रन बनाए। जवाब में डीसीसी ने मात्र 4 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर 8 विकेट से जीत दर्ज की। डीसीसी के कुलदीप ने 11 गेंदों में 24 रन बनाए और शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### ये रहे उपस्थित

मुख्य अतिथि के रूप में इंटक यूनियन खमरिया के चंद्रशेखर सिंह, उदय जायसवाल, अमरजीत सिंह, ध्रितेश कुमार और कुणाल कुंभारे उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री भंडारा के राजकुमार रॉय शामिल हुए। मैचों में निर्णायक की भूमिका जसवंत, आनंद शर्मा, विद्यापति श्रीवास्तव, अपूर्व श्रीवास्तव, भूपेंद्र और निखिल यादव ने निभाई। इस आयोजन में यूनियन के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### दूसरा मैच : एलपीआर बॉयज बनाम एक्यूएडब्ल्यू

इस मुकाबले में एक्यूएडब्ल्यू की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 ओवर में 41 रन पर ऑल आउट हो गई। एलपीआर बॉयज के हिमांशु ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 6 रन देकर 5 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए एलपीआर ने 5 ओवर में 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। हिमांशु को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

### तीसरा मैच : एमएमके हम्मद बनाम रॉक्सन 11

तीसरे मैच में एमएमके हम्मद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट पर 77 रन बनाए। शाकिब ने 12 गेंदों में 20 रन जोड़े। जवाब में रॉक्सन 11 की टीम 9 ओवर में 52 रन पर सिमट गई और एमएमके हम्मद ने 25 रनों से जीत दर्ज की। शाकिब को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।



# बॉक्सिंग, जूडो, ताइक्वांडो और स्केटिंग में प्रतिभागी दिखाएंगे दम

जबलपुर संभागीय तीन दिवसीय खेलकूद का शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 28 अप्रैल 2026 को 55वीं जबलपुर संभागीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य शुभारंभ हुआ। 28 से 30 अप्रैल तक चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में बॉक्सिंग, जूडो, ताइक्वांडो और स्केटिंग स्पर्धाओं में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 विद्यार्थी एवं 45 अनुरक्षण शिक्षक भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य पी. बी. पांडेय, उप-प्राचार्या सुनीता केसर, मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल कपिल फोगाट (एडजुटेंट, 1 एमटीआर) तथा विभिन्न खेलों के निर्णायक मंडल उपस्थित रहे। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं शाल से स्वागत किया तथा निर्णायकों का भी सम्मान किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेल शिक्षक निमिष श्रीवास्तव ने तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल कपिल फोगाट ने विद्यालय पत्रिका 'पल्लव' का विमोचन किया और प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक मनोज तिवारी ने किया तथा अंत में उप-प्राचार्या सुनीता केसर ने आभार व्यक्त किया।

### सीओडी में भी संभागीय प्रतियोगिता शुरू



**जबलपुर, नवभारत।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी में जबलपुर संभाग की बालिका वर्ग - शतरंज और हैंडबॉल की संभागीय प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ मंगलवार 28 अप्रैल को मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार सोलंकी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत हरित पादप से किया गया साथ ही पधारे हुए सभी प्रतियोगिताओं के निर्णायकों का स्वागत किया गया। मुख्य अथिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को यह संदेश दिया गया कि प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खेल के नियमों खेलभावना और अपने विद्यालय व खेल के गौरव को बढाने के लिए पूरी उर्जा और ईमानदारी से खेलना है। साथ ही दूसरे खिलाडियों का सम्मान कर और भाईचारे की भावना को बनाये रखना है। विद्यालय की शिक्षिका सरोज गंगवार ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत 18 केंद्रीय विद्यालय के 87 विद्यार्थी और 19 अनुरक्षक शामिल हो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

15 जुलाई तक ऑनलाइन किए जा सकेंगे आवेदन

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय सेवाओं में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार (नवाचार)' वर्ष 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से किए जा सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य किए गए उल्लेखनीय कार्यों के आधार पर प्रदान किया जाएगा। प्रदेश के समस्त शासकीय सेवक, जिनमें राज्य शासन के विभाग, विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ निगम, मंडल, बोर्ड तथा संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं, इसके लिए पात्र होंगे। पुरस्कार के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण तथा रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में किए गए नवाचारों को शामिल किया जाएगा। इस वर्ष कुल 15 पुरस्कार दिये जाएंगे। प्रत्येक चयनित को एक लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। एक ही कार्यक्षेत्र में एक से अधिक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि उनमें समान रूप से वितरित की जाएगी।

# ट्रेनों में चोरी करने वाले तीन अपराधियों को जीआरपी ने पकड़ा



**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय रेल पुलिस द्वारा ट्रेनों अथवा रेलवे प्लेटफार्म पर यात्रियों की नींद का फायदा उठाते हुए यात्री सामानों की चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के उद्देश्य से रेल पुलिस अधीक्षक रेंज जबलपुर चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पकड़े गए तीन चोरों से जीआरपी ने लगभग दो लाख रुपये से अधिक कीमत के सोने एवं चांदी के जेवरात बरामद किये हैं। जबलपुर जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि निगरानी शुदा बदमाश संजय उर्फ संजू मेश्राम उर्फ बंदर साई नगर काली मंदिर के पास मांडवा बस्ती रामपुर थाना गोरखपुर, चोरी का सामान बेचने की फिराक में है। मुखबिर सूचना पर तस्दीक की जाने पर संजय मराठा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जहां आरोपित ने अपने साथियों नित्तू उर्फ नीतेश,राजू उर्फ राजकुमार के साथ मिलकर फरियादी का मशरूका यात्रा के दौरान चोरी करना स्वीकार किया जिनसे सघन पूछताछ किये जाने पर 12 नग सोने के गुरिया, एक सोने का मंगलसूत्र का पैण्डल, सोने के टॉप्स, चांदी की बिछिया, फरियादी के कपड़े कुल कीमत 2,07,700 रुपये का मशरूका बरामद किया गया।

# चाकूबाजी में महिला समेत दुकान संचालक घायल

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर एवं घमापुर थाना क्षेत्र में हुई चाकूबाजी में महिला समेत पान दुकान संचालक घायल हो गया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पनागर पुलिस के मुताबिक श्रीमति आकंक्षा केवट 30 वर्ष निवासी पनागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका जेठ संजू केवट आया एवं उससे जबरन शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा उसने रूपये देने से मना किया तो चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। इसी प्रकार घमापुर थाने में राजेश प्रजापति 55 वर्ष निवासी नारायण चौक घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह पान की दुकान चलाता है। रंजीज रजक उसकी दुकान पर आया और 1 हजार रूपये शराब पीने के लिये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी । हर्ष रजक एवं निखिल रजक ने उसके साथ मारपीट की ।

### इधर दवा व्यापारी पर रॉड से हमला

घमापुर में दवाई की दुकान संचालित करने वाले अखिलेश सिह 50 वर्ष निवासी हनुमान होटल सिद्धबाबा से प्रेम सोधा ने अपने एक साथी के साथ मिलकर विवाद किया। पहले तो उन्होंने शराब पीने के लिए 500 रूपए मांगे जब डिमांड पूरी नहीं हुई तो लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में दवा व्यापारी बुरी तरह घायल हो गया । इसके बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# ट्रक की टक्कर से पलटा ई-रिक्शा, पांच दबे

**नवभारत,जबलपुर।** कटंगी-जबलपुर मार्ग पर एक अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा पलट गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बीच सड़क पर पलटने से उसमें सवार लोग नीचे दब गए। जिन्हें रहागीरों की मदद से निकाला गया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया । कटंगी पुलिस के मुताबिक अमखेरा निवासी सुमित कुमार अपने पिता प्रवीण कुमार और अन्य साथियों ठुमुकलाल, सुशीला, गौरी, ताजुल और हेतराम के साथ कटंगी के मदार चौक में सेन्टिंग का काम करने आए थे। जब वे काम खत्म कर वापस जबलपुर जा रहे थे, सुमित और हेतराम मोटरसाइकिल पर पीछे थे, जबकि बाकी साथी ई-रिक्शा से आगे चल रहे थे। कटंगी-जबलपुर मार्ग पर मोहला त्रिगड्डा के पास जैसे ही पहुंचे तभी ट्रक क्रमांक एमपी 20 जेड यू 0206 का चालक वाह न को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए लाया और पीछे से ई रिक्शा में टक्कर मार दी। चालक हादसे के बाद वाहन लेकर मौके से फरार हो गया । टक्कर से ई रिक्शा पलट गया । हादसे के तुरंत बाद मोटरसाइकिल से पीछे आ रहे सुमित और हेतराम ने घायलों की मदद की। उन्होंने रिक्शा के नीचे दबे साथियों को बाहर निकाला। हादसे में प्रवीण कुमार, ठुमुकलाल यादव, सुशीला यादव, गौरी नुनिया और चालक ताजुल हुसैन को सिर, हाथ-पैर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद सुमित ने निजी कार का इंतजाम किया और सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जबलपुर भेजा। शिकायतकर्ता सुमित कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# दबंगों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र को पीटा, छात्रा से अभद्रता, कपड़े फाड़े

पढ़ाई में खलल डाल रहे डीजे का शोर कम करने बोला तो बौखलाएं बदमाश



**नवभारत,जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 07 में रहने वाले एक छात्र और उसके पिता पर पड़ोसियों ने महज इसलिए हमला कर दिया क्योंकि उन्होंने परीक्षा के समय डीजे का शोर कम करने का अनुरोध किया था। दबंगों ने न सिर्फ मारपीट की बल्कि बीच-बचाव करने आई छात्रा के बाल पकड़कर उसे भी बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान उसके कपड़े भी फट गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक वार्ड नंबर 07 निवासी आदर्श ठाकुर की बहन दीक्षा ठाकुर, जबलपुर के मानकुंवर बाई महाविद्यालय में पढ़ती है, उसकी वर्तमान में कॉलेज की परीक्षाएं चल रही हैं। बीती रात करीब 11:30 बजे पड़ोस में हेमंत गौड़ की हल्दी का कार्यक्रम था, जहाँ तेज आवाज में डीजे बज रहा था। पढ़ाई में हो रही दिक्कत को देखते हुए आदर्श और उसके पिता ने डीजे संचालक विजय नामदेव से आवाज कम करने को कहा। इस बात से नाराज होकर यशवंत उर्फ गद्दार, प्रभु गौड़ और ओमकार गौड़ ने आदर्श और उसके पिता को घर से बाहर निकलने की चुनौती दी। जैसे ही वे बाहर आए, आरोपियों ने अभद्र कर उन पर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। इस हमले में आदर्श के कंधे और पीठ पर चोटें आई हैं, जबकि उसके पिता की आंख और पसली में गंभीर अंदरूनी चोटें पहुंची हैं। विवाद बढ़ता देख जब दीक्षा अपने पिता और भाई को बचाने दौड़ी, तो आरोपी सतीश गौड़ ने उसके साथ भी मारपीट की। सतीश ने दीक्षा के बाल पकड़कर उसे पीटा, जिससे उसकी टी-शर्ट भी फट गई। घटना के बाद आरोपियों ने पीड़ित परिवार को धमकाया कि यदि पुलिस के पास गए तो अंजाम बुरा होगा। डर की वजह से परिवार तुरंत रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं पहुंच सका। हालांकि, बाद में उन्होंने हिम्मत जुटाकर थाने पहुंचे और आपबीती पुलिस को सुनाई। पुलिस ने आदर्श ठाकुर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# सदरुल आलम का उर्स गुरुवार को

**नवभारत, जबलपुर।** घंटाघर मशीन वाले बाबा सदरुल आलम, सैयद शाह रियाज़ अहमद मुख्तारे जानम, नक़्शबन्दी, मुज़दद्दी, नज़मी मियाँ हुज़ुर सरकार क़िबला रहमतुल्लाह अलैहे का उर्स मुबारक गुरुवार को है। नमाज़ असर संदल शरीफ पेश होगा और चादर शरीफ नज्र होगी जिसके बाद नमाज़ मगरिब सलातो सलाम पेश होगा रात 10 बजे महफिले मीलाद पाक का आगाज़ होगा। बाद नमाज़ फज़र क़ुल शरीफ की फातिहा होगी।


**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./ 76/ अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राज कुमार पिता स्व. छोटेलाल उर्फ छोटा पटेल निवासी 1976/2 पुराना कंचनपुर अधारताल जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. प्लाट नं. रकवा 2500 व.फु./हे. ग्राम भड़पुरा प.ह.नं. 02 खसरा नं 139/1 रकवा 2500 व.फु./हे. पर विक्रयपत्र / हक त्याग/ वसीयतनामा / दानपत्र/वारसान हक दिनांक मृत्यु दिनांक को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. प्लाट नं. रकवा 2500 व.फु.हे./ ग्राम भड़पुरा प.ह.नं. 02 खसरा नं. 139/1 रकवा 2500 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 29/04/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 13/04/2026

पेशी दिनांक :- 29/04/2026

सील

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर (म.प्र.)


# बच्चों ने भरा रंग, उत्साह से सजी ड्राइंग प्रतियोगिता



**नवभारत,जबलपुर।** मंगलवार का दिन बच्चों की रचनात्मकता और उमंग के नाम रहा। कृष्ण अवतार मॉल में आयोजित पहले वार्षिक उत्सव के तहत मॉल परिसर में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में 5-8 वर्ष और 9-12 वर्ष के नन्हे कलाकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजक दामिनी गौरव भनोत ने बताया कि विशेष रूप से बड़ी श्रेणी के बच्चों को 'मेरा जबलपुर' विषय पर चित्र उकेरने का अवसर मिला, जिसमें उन्होंने शहर की खूबसूरती, संस्कृति और अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया।

बच्चों की कलाकृतियों ने दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में दोनों श्रेणियों से प्रथम, द्वितीय, तृतीय और रनर-अप विजेताओं का चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप आकर्षक उपहार और ड्राइंग कलर प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और भी बढ़ गया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि उनकी रचनात्मकता को मंच देने का एक सुंदर प्रयास भी साबित हुआ। इस आयोजन में मॉल भी टीम का सहयोग रहा।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा, दिनांक 17.04.2026**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक** : सी पी एम-जी एस यू-जबल-03-2026 दिनांक 17.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : पश्चिम मध्य रेल्वे के गति शक्ति यूनिट, जबलपुर मे आर एफ पी के अनुसार, रोड ओवर ब्रिज (ROB), फुट ओवर ब्रिज (FOB), स्टेशन विकास, बाईपास, शेड एवं अन्य निर्माण साइट्स पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति का कार्य, **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये** : 11,86,22,178.72, **बयाना राशि रुपये** : 23,72,500/-, **समापन अवधि** : 24 माह, निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे तक : 09.06.2026, निविदा खुलने का समय 15:30 बजे तिथि : 09.06.2026, उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट 'https://ireps.gov.in' उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति यूनिट, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। (हस्ता.)

उप मुख्य अभियंता, गति शक्ति यूनिट
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र)**

**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत(लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO No.- 108<br>2026_UAD_503653_1<br>Date-27/04/2026 | संभाग क्र.-08 लालमाटी अंतर्गत आचार्य विनोवा भावे वार्ड में पूर्व पार्षद टिल्लू नेचनाली के निवास के पास पेवर ब्लाक एवं नाली निर्माण एवं कवर कार्य।(महापौर मद) | 02 माह<br>₹.3.81/- | 2,000/-<br>3,815/- | 08/05/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईट https://mptender.gov.in पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर**



**OFFICE OF THE SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI JABALPUR DIST. JABALPUR**

N.I.T. No/ Nirman/2026-27/N-48 — **Notice Inviting Tender** — JABALPUR dated: 28.04.2026

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for ESTABLISIIMENT OF 200 KVA TRANSFORMER WITH LT LINE FOR CLEANING AND GRADING PLANT WORK IN MANDI YARD JABALPUR TENDER SYSTEM Number: 2026_MPSAM_503624_1 (PAC amount Rs. 25.52 Lakhs). The following works Tender to be received online up to 3:30 PM on 20.05.2026. Technical bid documents with EMD & Finacial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the https://mptenders.gov.in as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website www.mpmandiboard.gov.in.

Note:- Any corrigendum in this NIT, if published, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Develpoment works and locations & key dates can also be seen on our website www.mpmandiboard.gov.in

Secretary
Krishi Upaj mandi Samitti JABALPUR
Distt. JABALPUR